सामुदायिक भाषाओं के स्कूलों में निवेश तथ्य-पत्र

न्यू साउथ वेल्स की सरकार ‘सामुदायिक भाषाओं के स्कूलों के लिए कार्यक्रम’ की और अधिक क्षमता बढ़ाने के लिए 10.9 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त धन राशि प्रदान कर रही है

सामुदायिक भाषाओं के स्कूलों के लिए कार्यक्रम

न्यूसाउथवेल्स के स्कूल जाने की आयु वर्ग के 34,000 से अधिक छात्र अपने घर की भाषा को सुधारने, बनाए रखने या उसे सीखने के लिए स्कूल-घंटों के बाहर के घंटों में चलने वाली सामुदायिक भाषा कक्षाओं का उपयोग करते हैं।

20 मई 2017 को, प्रीमियर ने घोषणा की थी कि ‘सामुदायिक भाषाओं के स्कूलों के लिए कार्यक्रम’ की क्षमता बढ़ाने के लिए 10.9 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त धन राशि प्रदान की जाएगी।

यह आर्थिक सहायता, प्रति व्यक्ति आर्थिक सहायता, प्रोत्साहनों और संसाधनों के उपयोग की सुविधा प्रदान करने के सम्मिलित तरीकों के माध्यम से सामुदायिक भाषाओं पर किए जा रहे कुल निवेश को बढ़ाएगी। ये पहलें, और साथ ही योग्य स्कूलों के लिए बोनस, ये सब एनएसडब्ल्यू में कुल निवेश को दर्शाते हैं जो कि अगले चार वर्षों में 210 डॉलर प्रति छात्र के बराबर है।.

सिडनी विश्वविद्यालय के साथ भागीदारी

विभाग ने इस पहल की प्रमुख बातों को पूरा करने के लिए सिडनी विश्वविद्यालय के साथ भागीदारी की है।

इस साझेदारी के तहत, सिडनी विश्वविद्यालय, सामुदायिक भाषाओं की शिक्षा के लिए सिडनी इंस्टीट्यूट (सिडनी इंस्टीट्यूट फॉर कम्यूनिटी लैंग्विज़िज़ Sydney Institute for Community Languages Education) की स्थापना करेगा, ताकि समुदायों की भाषाओं की उन्नति को बढ़ावा दिया जा सके और

विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त भाषा शिक्षकों की संख्या बढ़ाने के लिए अन्य टर्शीएरी (tertiary) संस्थानों के साथ जुड़ेगी।

शिक्षण और मूल्यांकन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले संसाधन

भाषा कौशल की शिक्षा देने और मूल्यांकन में सहायता करने के लिए उत्तम संसाधनों का उपयोग करने के लिए सामुदायिक भाषा के शिक्षकों को एक ऑनलाइन वेब पोर्टल उपलब्ध होगा।

सबसे अधिक सिखाई जाने वाली भाषाओं के लिए अतिरिक्त K-10 भाषा पाठ्यक्रमों को भी तैयार किया जाएगा।

शिक्षकों के लिए पेशेवर अध्ययन (professional learning) के अवसर

सिडनी विश्वविद्यालय में पेशेवर अध्ययन करने के लिए सामुदायिक भाषा के स्वयंसेवक शिक्षकों के लिए प्रत्येक वर्ष 200 छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध होंगी। ये छात्रवृत्तियाँ शिक्षकों की अध्यापन कला की कुशलता को बढ़ाने की बात को ध्यान में रख कर दी जाएँगी।

नई शिक्षा प्रणाली और सहयोग

एक नया ऑनलाइन पासपोर्ट (आज्ञापत्र) भाषा सीखने में छात्र की प्रगति की निगरानी करेगा। छात्रों के पास अपनी सीखने की उपलब्धियों का रिकॉर्ड होगा, जिसका उपयोग उनकी कुशलता के स्तर को दर्शाने के लिए किया जा सकता है।

सीखने का प्रबंधन करने की ऑनलाइन प्रणाली सामुदायिक भाषाओं के स्कूलों के प्रशासनिक बोझ को कम कर देगी। यह प्रणाली छात्र और शिक्षक के डेटा को रिकॉर्ड करेगी, जिसमें नामांकन, भाग लेना और पेशेवर शिक्षा लेने के डेटा शामिल होंगे।

अतिरिक्त व्यावसायिक अधिकारियों को तीन साल के लिए नियुक्त किया जाएगा जो सामुदायिक भाषाओं के विद्यालयों की नए सिस्टम को अपनाने में सहायता करेंगे तथा उनके शिक्षकों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण और संसाधनों के बारे में विशेष रूप से ध्यान देंगे।

सामुदायिक भाषाओं के स्कूलों को सीधे अतिरिक्त आर्थिक सहायता

सामुदायिक भाषाओं के उन विद्यालयों को प्रोत्साहन के लिए 2 मिलियन डॉलर से अधिक सीधे प्रदान किए जाएँगे जो सीखने का प्रबंधन करने की नई प्रणाली को अपनाएँगे और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के लक्ष्य को तथा अन्य लक्ष्यों को पूरा करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए http://www.dec.nsw.gov.au/what-we-offer/community-programs पर जाएँ